एक नजर में

झांकी के रूप में निकली शिव बारात

बागली। सावन के आखिरी सोमवार पर अंचल क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ रही। इस दौरान कई स्थानों पर झांकियां भी निकाल गईं। दूरस्थ अंचल क्षेत्र पीपरी में शाम 4 बजे से शिव बारात निकालने का सिलसिला शुरू हुआ। इस दौरान अलग-अलग वेशभूषा में देव, दानव, वानर, रीछ, नंदी, नाग, शिव-पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक आदि का स्वांग रचकर श्रद्धालु शामिल हुए। 3 किलोमीटर तक चली लंबी बारात पीपरी चौराहे से शुरू होकर बोरपड़ाव गांव तक पहुंची। इस दौरान सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ लेते नजर आए।

भागवत कथा में पहुंचे विधायक सोनकर

भौंरासा। माली समाज धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा में विधायक राजेश सोनकर पहुंचे और कथा श्रवण की। उन्होंने भागवत कथा वाचक अंश किशोर प्रभुजी का फूलमाला व अंगवस्त्र से स्वागत किया। इससे पूर्व नगर में विधायक सोनकर का आनंद राठौर कंपेल, राठौर परिवार की बेटी अंशिका राठौर ने उनका चुनरी ओढ़ाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। राठौर परिवार से अध्यक्ष सुरेश राठौर, मुकेश राठौर, मनीष राठौर, विजय राठौड़, आनंद राठौर, विनोद राठौर आदि समाजन उपस्थित थे। इसके पश्चात वे भागवत कथा श्रवण के लिए पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़, प्रमोद पालीवाल, एल्डरमैन मुकेश कुमावत, नरबद यादव, पटेल जसवंत सिंह राजपूत, नरेंद्र माली, डॉ. रूपसिंह नागर, अश्विन जायसवाल, दशरथसिंह धाकड़, जगदीश माली, अनोखीलाल राठौर, जमनालाल माली, गौरीशंकर माली, विनायक माली, रजत ठाकुर, संजय ठाकुर आदि समाजजन थे।

सावन के आखिरी सोमवार पर श्री पूर्णेश्वर महादेव के ललाटक्ष स्वरूप के हुए मनोहारी श्रृंगार दर्शन

सोनकच्छ। सावन मास के आखिरी सोमवार के पावन अवसर पर नगर के अनाज मंडी स्थित श्री मां अन्नपूर्णा मंदिर में विराजे श्री पूर्णेश्वर महादेव का विशेष एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। श्रावण मास की द्वादश तिथि पर भगवान भोलेनाथ को श्री ललाटक्ष स्वरूप में सजाया गया। विशेष श्रृंगार के बाद भगवान पूर्णेश्वर महादेव का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान भोलेनाथ से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिर में विशेष धार्मिक माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री पूर्णेश्वर महादेव के श्री ललाटक्ष स्वरूप के दर्शन कर स्वयं को धन्य माना। मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं आस्था दिखाई दी। भगवान शिव के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया । श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। पूरे सावन माह में श्री पूर्णेश्वर महादेव के अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार किए जा रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रत्येक सोमवार एवं विशेष तिथियों पर होने वाले इन श्रृंगारों को लेकर भक्तों में विशेष उत्सुकता बनी रहती है।

बारिश ने शहर को किया तरबतर, जलभराव से परेशान हुए राहगीर

- दिनभर उमस से बेहाल शहर, शाम को बरसे बदरा
- एमजी रोड, सुपर मार्केट से फारूख नगर तक सड़कों पर पानी, घर-दुकानों में घुसा बारिश का पानी

देवास। कई दिनों से उमस और गर्मी से परेशान शहरवासियों को सोमवार शाम मौसम ने जमकर राहत दी। अचानक बदले मौसम के बाद आसमान में घने बादल छाए और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक हुई जोरदार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। इसके बाद देर रात तक रिमझिम का सिलसिला चलता रहा।बारिश से जहां वातावरण में ठंडक घुली और लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं शहर के कई हिस्सों में जलजमाव ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। एमजी रोड, सुपर मार्केट, लालगेट, उज्जैन रोड, बीमा रोड से लेकर फारूख नगर तक कई इलाकों में पानी भर गया। कहीं सड़कें तालाब बनीं तो कहीं घरों और दुकानों में पानी घुस गया। सोमवार शाम अचानक शुरू हुई तेज बारिश का असर कुछ ही देर में शहरभर में दिखाई देने लगा। कई स्थानों पर नालियां ओवरफ्लो हो गईं। निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश की रफ्तार कम होने के बाद भी देर रात तक रिमझिम जारी रही। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों ने राहत महसूस की। कई जगह बच्चे बारिश में भीगते हुए नजर आए तो लोग मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। शहर के प्रमुख एमजी रोड पर चल रहे निर्माण कार्य के बीच बारिश ने परेशानी बढ़ा दी। कई स्थानों पर नालियों में पानी की निकासी अवरुद्ध होने से सड़क पर पानी जमा हो ।

उज्जैन रोड और बीमा रोड पर भी जलभराव- बारिश का असर उज्जैन रोड पर भी देखने को मिला। यहां सड़क पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। बीमा रोड पर भी जलभराव के कारण लोग परेशान होते रहे। कई स्थानों पर सड़क और पानी का अंतर तक नजर नहीं आ रहा था, जिससे वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ा। उज्जैन रोड पर सड़क चौड़ीकरण भी चल रहा है, ऐसे में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोयाबीन की फसल को मिली नई जान-

बारिश से शहर के साथ ग्रामीण अंचल में भी राहत का माहौल है। खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल के लिए यह बारिश काफी फायदेमंद मानी जा रही है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को इससे फसल में नई जान आने की उम्मीद है। बारिश के बाद खेतों में नमी बढ़ने से सोयाबीन की फसल को फायदा मिलने की संभावना है। बारिश ने एक ओर जहां गर्मी और उमस से राहत देकर शहरवासियों के चेहरे खिला दिए, वहीं जलभराव ने शहर की नालियों और जल निकासी व्यवस्था की तैयारियों पर सवाल भी खड़े कर दिए।

7 परिवारों को मिले 2-2 लाख के स्वीकृति पत्र

- आर्थिक संबल मिलने पर भावुक हुए श्रमिक परिवार;
- विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने बांटे स्वीकृति पत्र

देवास। मुश्किल वक्त में जब परिवार को सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है, तब शासन की मदद उम्मीद की किरण बनकर सामने आती है। सोमवार को नगर निगम में मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2.0 योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कुछ ऐसा ही भावुक दृश्य देखने को मिला। अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र हाथों में आते ही श्रमिक परिवारों के चेहरों पर राहत और आंखों में भावनाएं नजर आईं। कार्यक्रम में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने सात हितग्राहियों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल स्थित निवास से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। प्रदेशभर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 9 हजार श्रमिक परिवारों को 203 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की। देवास में स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले परिवारों के लिए यह सहायता केवल आर्थिक राशि नहीं, बल्कि कठिन समय में शासन के साथ खड़े होने का भरोसा भी बनी। स्वीकृति पत्र वितरण के दौरान श्रमिक परिवार भावुक नजर आए। परिवारों के लिए यह राशि आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण सहारा बनेगी।

दुर्गेश अग्रवाल बोले - हर मुश्किल घड़ी में सरकार श्रमिक परिवारों के साथ-

विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। संबल योजना का उद्देश्य ही यह है कि श्रमिक परिवारों को विपरीत परिस्थितियों में अकेला महसूस न करना पड़े।

घोड़े पर सवार होकर पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ता

देवास। छात्र हितों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने सोमवार को अनूठे अंदाज में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ता भोपाल चौराहे से घोड़े पर सवार होकर रैली के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे। यहां कॉलेज प्रभारी डॉ. जाधव को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष चौहान ने कहा कि वर्तमान में छात्र-छात्राओं के सामने परिवहन की समस्या बनी हुई है। कई विद्यार्थियों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है और कॉलेज आने-जाने के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यदि प्रशासन छात्रों के लिए निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस और उचित बस सुविधा उपलब्ध नहीं करा सकता तो कॉलेज परिसर में घोड़ों के लिए अस्तबल बनवा दिया जाए, ताकि विद्यार्थी घोड़ों से कॉलेज आ सकें।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज नागर ने कॉलेज की परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कॉलेज की बस किसी एक दिन केवल एक रूट पर संचालित होती है तो दूसरे रूट के विद्यार्थियों के सामने कॉलेज पहुंचने की समस्या खड़ी हो जाती है। उन्होंने मांग की कि बसों का संचालन सभी निर्धारित रूटों पर नियमित रूप से किया जाए। यदि कॉलेज प्रशासन सभी रूटों पर बसें संचालित करने में सक्षम नहीं है तो विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की जाए।

एक नजर — शिव महापुराण कथा में पं. अजय शास्त्री ने सुनाया इंद्र के अहंकार का प्रसंग

अभिमान चाहे ज्ञान का हो या शक्ति का, भगवान उसका अंत कर देते हैं : शास्त्री

देवास। ज्ञान कितना भी बड़ा हो, शक्ति कितनी भी अपार हो और पद कितना भी ऊंचा क्यों न हो, यदि उसके साथ अहंकार जुड़ जाए तो पतन निश्चित है। भगवान के सामने किसी का अभिमान नहीं टिकता। यही संदेश श्री रंगनाथ राधा कृष्ण मंदिर, चाणक्यपुरी में शिव महापुराण कथा के छठे दिन पं. अजय शास्त्री ने श्रद्धालुओं को दिया। कथा के दौरान उन्होंने इंद्र के अहंकार और भगवान शिव द्वारा उनके अभिमान को चूर करने का प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण करते रहे।

पं. शास्त्री ने कहा कि सत्संग का अर्थ केवल धार्मिक कथा सुनना नहीं, बल्कि सत्य का संग करना है। जो व्यक्ति सत्य का उपासक होता है, वही सत्संग को समझता और उसका महत्व जानता है। जब शास्त्र-पुराण सुनाने वाले और सुनने वाले एक स्थान पर एकत्र होते हैं, तभी वास्तविक सत्संग होता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सत्य और सत्संग का संग कर लेता है, उसका जीवन सफल हो जाता है। सत्संग मनुष्य को जीवन की वास्तविकता से परिचित कराता है और उसे अहंकार, मोह तथा अज्ञान से दूर रहने की प्रेरणा देता है।

इंद्र को था अपने पद का अभिमान- कथा प्रसंग सुनाते हुए पं. शास्त्री ने बताया कि एक समय इंद्र को इस बात का अभिमान हो गया था कि वे पृथ्वी पर सबसे बड़े राजा हैं। अहंकार में वे लोगों को प्रताड़ित करने लगे। देवता भी इंद्र के व्यवहार से परेशान हो गए। तब उनका अभिमान तोड़ने के लिए माता पार्वती ने गुरु बृहस्पति को इंद्र के पास भेजा। गुरु बृहस्पति ने इंद्र को भगवान शिव की आज्ञा और माता पार्वती का संदेश दिया।

इंद्र जब भगवान शिव के पास पहुंचे तो भगवान शिव साधना में लीन होकर एक साधारण रूप में द्वार पर बैठे थे। इंद्र ने गुरु बृहस्पति से पूछा कि यह कौन हैं, लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। और यहीं टूट गया अहंकार- पं. शास्त्री ने प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि इंद्र ने साधना में लीन भगवान शिव से भी अपना परिचय जानना चाहा, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इंद्र को क्रोध आ गया।

शाजापुर

एक नजर में

सहायता योजनांतर्गत राशि हस्तांतरित

शाजापुर, . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री निवास भोपाल से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अन्तर्गत हिताधिकारियों की मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारियों को मंडल की अनुग्रह सहायता योजनांतर्गत मप्र में 9000 हिताधिकारियों को 203 करोड़ रुपए का वन क्लिक के माध्यम से उत्तराधिकारियों के बैंक खातों में राशि का हस्तांतरण किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में जिले के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया. शाजापुर जिले में 81 हितग्राहियों के बैंक खाते में 1 करोड़ 86 लाख रुपए का हस्तांतरण किया गया. श्रम अधिकारी की उपस्थिति में हिताधिकारियों के उत्तराधिकारियों को 2 लाख रुपए एवं 4 लाख के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए. सामान्य मृत्यु की दशा में 63 प्रकरणों में 1.26 करोड़ रुपए, दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में 14 प्रकरणों में 56 लाख रुपए, आं. अपंगता की दशा में 4 प्रकरणों में 4 लाख रुपए, इस प्रकार कुल 81 प्रकरणों में 1 करोड़ 86 लाख रुपए की राशि वितरित की गई.

अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला 3 सितंबर को

शाजापुर, 24 अगस्त. शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार युवा संगम रोजगार मेला 3 सितम्बर 2026 को शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला में युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदकों की योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक, आयु 18 से 40 वर्ष तक के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाकर उपयुक्त अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा.

नन्हे बच्चों ने कराया महादेव को नगर भ्रमण

शाजापुर, 24 अगस्त. श्रावण के चतुर्थ सोमवार को जहां प्रसिद्ध मंदिरों से महादेव की सवारी निकाली गई तो नन्हे भक्तों ने भी अपने मंदिर में विराजित महादेव की सवारी निकालकर लोगों को महादेव का सान्निध्य दिया. वजीरपुरा से शुरू हुई यह सवारी मोहल्ले के बच्चों ने निकाली जिन्होंने ठेला गाड़ी पर महादेव का पांडाल सजाया और हाथों से शिवलिंग तैयार किया. इसके अलावा काईबोर्ड की सहायता से आकर्षक पालकी भी सजाई जिसमें महादेव को विराजित कर बच्चे उन्हें कांधे पर लेकर निकले.

बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर बनाया वीडियो, युवाओं को कर रहे थे ब्लैकमेल

- दो आरोपी गिरफ़्तार, न्यायालय ने रिमांड पर सौंपा
- ब्लैकमेल कर तीन लाख वसूले
- एक पुलिस जवान की भूमिका भी संदिग्ध

शुजालपुर, 24 अगस्त. शहर के एक गणमान्य नागरिक को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने और पांच लाख रुपए की मांग कर तीन लाख रुपए वसूलने के मामले में शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन और एक एसयूवी कार जब्त की है. मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है.

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय केवट निवासी राणोगंज एवं राकेश मराठा निवासी फ्रीगंज शुजालपुर ने उसे वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया जा रहा है. आरोपियों ने पांच लाख रुपए की मांग की थी, जिसमें से तीन लाख रुपए वह दे चुका था, इसके बाद भी आरोपी उससे और रुपए की मांग कर रहे थे.

दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 23 अगस्त को अजय केवट एवं राकेश मराठा को गिरफ्तार कर लिया. घटना में प्रयुक्त दोनों मोबाइल फोन और एसयूवी कार भी जब्त की गई. पुलिस मोबाइल फोन की जांच कर रही है. जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. मामले में आरोपी अंकित अग्रवाल फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय शुजालपुर में पेश किया. न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दो दिवस के लिए पुलिस रिमांड पर सौपा.

पार्टी के बहाने बुलाते थे

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपियों का एक गिरोह है जो कि अपने परिचित जो कि प्रतिष्ठित व सम्पन्न परिवार से है उन्हे बर्थडे पार्टी के नाम पर शहर से बाहर बुलाते थे, इस पार्टी में खाने पीने के इंतजाम रहता था और बाहर से डांसर भी बुलाई जाती, आरोपी चुपचाप सम्पन्न परिवार के युवाओं का डांसरों के साथ नाचते हुए वीडियों बनाते थे, हालांकि इस वीडियों में कोई अश्लीलता नहीं है, लेकिन वीडियों में ऑडियों जोडकर समाचार के रूप में बनाते हुए यह वीडियों दिखाकर समाज में प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी देते हुए वसूली की जा रही थी.

एक पुलिस कर्मी की भूमिका भी संदिग्ध

शहर के एक गणमान्य नागरिक को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने और तीन लाख रुपए वसूलने के मामले में पुलिस की कार्रवाई के बीच अब एक पुलिसकर्मी की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं. मामले से जुड़ा एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें एक पुलिसकर्मी ब्लैकमेलिंग के आरोपी युवक से बातचीत करता सुनाई दे रहा है. बताया जा रहा है कि यह ऑडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंचने के बाद पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला ने मामले में सख्ती दिखाते हुए अकोदिया पुलिस थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी अभिषेक परमार को निलंबित कर दिया है.

तारकेश्वर महादेव का अभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालु

सुसनेर, 24 अगस्त. श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रीबालाजी कावड़ यात्रा के तत्वावधान में ग्राम मोड़ी से श्री तारकेश्वर महादेव मंदिरए त्रिवेणी संगम ताखला तक विशाल कावड़ एवं कलश यात्रा ग्रामीणों द्वारा निकाली गई.

कावड़ यात्रा प्रात:9 बजे नलखेड़ा रोड स्थित श्री खेड़ापति बालाजी सरकार धाम मंदिर से आरंभ होकर नगर में भ्रमण करते हुए 5 किलोमीटर दूर स्थित श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर, ताखला पहुंची.जहां श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन किया. कावड़ यात्रा के साथ.साथ गांव की महिला मंडल द्वारा भव्य कलश यात्रा भी निकाली. जानकारी संयोजक दुर्गेश मीणा ने दी.

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल सप्ताह का शुभारंभ

- खेल सप्ताह तहत होगी विभिन्न गतिविधियां

शुजालपुर, 24 अगस्त. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की ओर से महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हुई. इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे.

क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, खेल उपलब्धियों और भारतीय हॉकी में उनके अतुलनीय योगदान की जानकारी विद्यार्थियों को दी. उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, नियमित अभ्यास और खेल भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने बताया कि खेल सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है. कार्यक्रम में खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया.

एक नजर — औद्योगिक क्षेत्र के फेस -2 में पवन चक्की प्लांट के समीप हुआ दर्दनाक हादसा

कार की टक्कर से टूटा विद्युत पोल महिला पर गिरा, मौत

मक्सी, 24 अगस्त. औद्योगिक क्षेत्र मक्सी के दूसरे फेस स्थित पवन चक्की प्लांट के समीप सोमवार दोपहर को एक दर्दनाक हादसा हो गया. एक अनियंत्रित कार बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे कार खेत में जाकर पलट गई और पोल टूटकर कांवड़ ले जा रही महिलाओं पर जा गिरा. इस हादसे में पोल के नीचे दबने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हो गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में श्यामूबाई पति ईश्वरलाल मालवीय 60 वर्ष निवासी बरंडवा की मौके पर मौत हो गई. वहीं राधाबाई पति बाबूलाल 65 वर्ष निवासी बरंडवा तथा कलाबाई पति सीताराम मालवीय 50 वर्ष निवासी बरंडवा घायल हुई हैं. घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया. बताया जा रहा है कि तीनों महिलाएं कांवड़ लेकर झरनेश्वर महादेव मंदिर की ओर जा रही थी. इसी दौरान एक काले रंग का वाहन बिजली के पोल से टकरा गया, जिससे पोल टूट कर महिलाओं के ऊपर गिर गया. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. हादसे की सूचना मिलते ही मक्सी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. वाहन के नंबर सहित अन्य जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है.